भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1277

31 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

मंत्रालय में रिक्तियाँ

1277. श्री ए. ए. रहीम:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली एजेंसियों, संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कितनी रिक्तियाँ हैं;

(ख) विगत चार वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष कितनी भर्तियाँ की गई हैं; और

(ग) विगत चार वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष कितने-कितने नए पदों का सृजन किया गया है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): दिनांक 01.07.2023 की स्थिति के अनुसार, इस्पात मंत्रालय के केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में 8947 पद रिक्त हैं। इसमें राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की 5540 रिक्तियाँ शामिल हैं। सरकार ने आरआईएनएल के रणनीतिक विनिवेश को “सैद्धांतिक रूप से” अनुमोदन प्रदान किया है।

(ख) और (ग): विगत चार वर्षों में की गई भर्तियों की संख्या और सृजित नए पदों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है:

वर्ष	**भर्ती**	**सृजित पद**
2019-20	1857	0
2020-21	486	0
2021-22	1424	124
2022-23	1342	42

****